**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 31.05.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए जनपद के 02 उपनिरीक्षक व 01 मुख्य आरक्षी चालक। पुलिस लाइन बांदा में क्षेत्राधिकारी लाइन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना के साथ स्मृति चिन्ह भेंट कर दी गई विदाई।**

**विवरण-** आज दिनांक 31.05.2025 को अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले **02 उपनिरीक्षकों व 01 मुख्य आरक्षी चालक** को क्षेत्राधिकारी लाइन/नरैनी श्री कृष्णकान्त त्रिपाठी द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हे विदा किया गया। गौरतलब हो कि जनपद के **02 उपनिरीक्षक व 01 मुख्य आरक्षी चालक** अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर आज सेवानिवृत्त हो गए इनमें **1- उपनिरीक्षक श्री गुलाब चन्द्र वर्मा सम्मन सेल, 2- उपनिरीक्षक श्री अशफाक हुसैन पुलिस लाइन बांदा तथा 3- मुख्य आरक्षी चालक श्री रमेश बहादुर पुलिस लाइन बांदा** शामिल हैं। सम्मान समारोह के दौरान प्रतिसार निरीक्षक बांदा श्री वेदमणि मिश्र सहित सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारीजन आदि उपस्थित रहे।